## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
## (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भाराराप्रा) देश भर में भाराराप्रा कार्यालयों में तैनाती के लिए संविदा के आधार पर 44 युवा पेशेवर (विधि) की नियुक्ति के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय विधि स्कूल/संस्थान से विधि में डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। चयन कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी), 2022 और (स्नातकोत्तर) में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी।

2. पद का विवरण, नियम व शर्तें, नियुक्ति की अवधि, पात्रता, अनुभव आदि निम्नानुसार हैं:-

| क्रम सं . | पद | वर्ग | | | | | कुल पद* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ओबीसी-एनसीएल | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ईडब्ल्यूएस | |
| 1. | युवा पेशेवर (विधि) | 20 | 11 | 06 | 03 | 04 | 44 |

*** नोट: विज्ञापित पदों की संख्या प्राधिकरण के विवेकानुसार बढ़ या घट सकती है ।**

कुल 44 पदों में से 02 पद दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित होंगे । वर्गीकरण भाराराप्रा नीति परिपत्र संख्या 1.3.1.24/2021 दिनांक 04 मार्च 2021 के अनुसार है। पदों की पहचान निम्न प्रकार है:

| भौतिक आवश्यकताएं | बेंचमार्क दिव्यांगजनों की उपयुक्त श्रेणी |
|---|---|
| एस, एसटी, आरडब्ल्यू, एच, सी, एमएफ | क .बी, एलवी<br>ख. एचएच<br>ग. ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, ब्लोए, बीएलए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी<br>घ. एसएलडी, एमआई<br>ङ. उपरोक्त (क) से (घ) तक के एमडी |

प्रयोजनात्मक आवश्यकता के लिए प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: एस=बैठना, एसटी=खड़े होना, डब्ल्यू=चलना, बीएन=झुकना, एल=उठना, केसी=घुटने टेकना और बैठना, जेयू=कूदना, सीआरएल-रेंगना, सीएल =चढ़ना, पीपी=खींचना और धकेलना, एमएफ=उंगलियों द्वारा संचालन, आरडब्ल्यू=पढ़ना और लिखना, एसई=देखना, एच=सुनना, सी=संचार।

श्रेणी के लिए उपयोग किया गया संक्षिप्तीकरण: बी=नेत्रहीन, एलवी=कम दृष्टि, डी=बधिर, एचएच=सुनने में

कठिनाई, ओए=एक हाथ, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों हाथ, बीएल=दोनों पैर, पीएएल=एक हाथ और एक पैर, बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनों पैर और हाथ, सीपी=सेरेब्रल पाल्सी, एलसी=कुष्ठ रोगी, डीडब्ल्यू =बौनापन, एएवी=एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई =मांसपेशी डिस्ट्रॉफी, एएसडी=ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एम=हल्का, एमओडी=मध्यम), आईडी=बौद्धिक दिव्यांगता, एसएलडी-विशिष्ट सीखने की दिव्यांगता, एमआई=मानसिक बीमारी, एमडी=एकाधिक दिव्यांगता।

**i) <u>आरक्षण प्राप्त करने की पात्रता :</u>**

क) कोई अभ्यर्थी सामुदायिक आरक्षण का लाभ पाने के लिए केवल तभी पात्र होगा जब अभ्यर्थी जिस विशेष जाति से संबंधित है, वह केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आरक्षित समुदायों की सूची में शामिल है।

ख) इस पद के लिए आवेदन करने वाले ओबीसी अभ्यर्थी को वर्ष 2024-25 के दौरान जारी ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ग) इसके अलावा इस पद के लिए आवेदन और केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवाओं के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र में यह भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा परिभाषित क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है ।

घ) कोई भी उम्मीदवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण का लाभ पाने के लिए तभी पात्र होगा जब वह केंद्र सरकार द्वारा जारी मानदंडों को पूरा करता हो और उसके पास वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आय के आधार पर अपेक्षित आय और संपत्ति प्रमाण पत्र हो।

ङ एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/ईडबल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी के रूप में आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए नामित प्राधिकारी से केवल निर्धारित प्रोफार्मा में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अभ्यर्थी की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल के रूप में मान्यता दी गई है, उसका स्पष्ट उल्लेख हो। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके जाति/समुदाय का नाम और जाति/समुदाय प्रमाण पत्र में उसकी वर्तनी ठीक वैसी ही होनी चाहिए जैसा कि समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूचियों में उल्लिखित है (ओबीसी श्रेणी के लिए भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूची में ओबीसी जातियों के रूप में मान्यता प्राप्त जातियों की सूची www.ncbc.nic.in साइट पर उपलब्ध है, एसटी श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची www.ncst.nic.in साइट पर उपलब्ध है और एससी वर्ग के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची www.socialjustice.nic.in साइट पर उपलब्ध है। जाति के नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन वाला प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

च) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए उपलब्ध आरक्षण/छूट का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे संबंधित नियमों/निर्देशों में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/छूट के हकदार हैं। उनके पास ऐसे लाभों के लिए संबंधित नियमों/निर्देशों में निर्धारित अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक प्रमाण पत्र भी होने चाहिए।

छ) इस पद के लिए अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में पहले से दर्शाई गई सामुदायिक स्थिति में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएंगी।

ज) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांगजन श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के प्रारूप संलग्न हैं (अनुलग्नक-II)। उपरोक्तानुसार वैध प्रमाणपत्रों के बिना आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

झ) बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (दिव्यांगजन) के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए, जो यह प्रमाणित करता हो कि विकलांगता की डिग्री विनिर्दिष्ट विकलांगता के 40% से कम नहीं है। ऐसा प्रमाणपत्र सत्यापन/पुनः सत्यापन के अधीन होगा, जैसा कि प्राधिकारी द्वारा तय किया जा सकता है।

## पात्रता और अन्य शर्तों का विवरण

| **क्षेत्र** | **सूचना** |
|---|---|
| **पद का नाम** | युवा पेशेवर (विधि) |
| **आयु सीमा** | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी की आयु 32 वर्ष से कम होनी चाहिए |
| **शैक्षणिक योग्यता** | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय विधि विद्यालय/संस्थान से विधि में डिग्री। (ii) सीएलएटी (स्नातकोत्तर) प्राप्तांक -2022 और उसके बाद। |
| **आवश्यक अनुभव** | संविदात्मक मामलों/मध्यस्थता/विधायी मामलों/भूमि अधिग्रहण से संबंधित विधि के क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| **भर्ती मानदंड** | 2022 के बाद सीएलएटी (स्नातकोत्तर में) प्राप्तांक के आधार पर योग्यता |
| **भर्ती की विधि** | संविदा के आधार पर |
| **संविदा की अवधि** | नियुक्ति की अवधि पहली बार में अधिकतम दो वर्ष की हो सकती है, जिसे भाराराप्रा की आवश्यकताओं और पदधारी के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में संविदा को तीन वर्ष की अवधि से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। भाराराप्रा के पास बिना कोई कारण बताए, किसी भी समय संविदा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। |
| **पारिश्रमिक (प्रति माह)** | प्रारंभिक समेकित पारिश्रमिक ₹60,000/- से ₹65,000/- प्रति माह, समेकित। संतोषजनक प्रदर्शन होने पर, समेकित पारिश्रमिक में प्रत्येक आगामी वर्ष में 5% की वृद्धि की जाएगी।<br><br>1 से 2 वर्ष के सत्यापित संबन्धित अनुभव वाले उम्मीदवारों के लिए - ₹65,000/- से ₹70,000/- प्रति माह। |

***विभिन्न श्रेणियों के लिए लागू भारत सरकार के नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट होगी।**

महत्वपूर्ण शर्तें

1. नियुक्ति के अन्य नियम और शर्तें, समय-समय पर संशोधित, बाहरी पेशेवरों और युवा पेशेवरों की नियुक्ति हेतु भाराराप्रा के नीति दिशानिर्देश संख्या 1.3.1.12/2017 दिनांक 21.06.2017 (अनुलग्नक-I) के अनुसार होंगी। नीति दिशानिर्देश भाराराप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
2. अनुभव का दावा करने वाले आवेदकों को स्पष्ट रूप से पद के लिए निर्धारित संबंधित अनुभव का ही उल्लेख करना चाहिए और ऐसे अनुभव के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।
3. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें। कृपया ध्यान दें कि अंतिम तिथि के बाद पात्रता आदि के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।

**<u>आवेदन प्रक्रिया</u>**

1. आवेदक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया नीचे दी गई है- :

**ऑनलाइन आवेदन**

क. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट http://www.nhai.gov.in" पर जा सकते हैं। लिंक को Google Chrome या Mozilla Firefox पर खोला जा सकता है।

ख. हमारे बारे में → भर्ती → रिक्तियां → वर्तमान → युवा पेशेवर (विधि) के विज्ञापन पर क्लिक करें → ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें

ग. फॉर्म भरें और आवश्यक जानकारी प्रदान करें

निम्नलिखित दस्तावेज़ अपलोड करने आवश्यक हैं: -

- ✓फ़ोटोग्राफ़ - रंगीन पासपोर्ट आकार की फ़ोटो की स्कैन की गई प्रति, केवल 'jpg / 'jpeg' या 'png' या 'gif' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓हस्ताक्षर - हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति, केवल 'jpg / 'jpeg' या 'png' या 'gif' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓कक्षा-10 का प्रमाणपत्र, जिसमें जन्मतिथि दर्शाई गई हो, केवल 'pdf' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल/ईडबल्यूएस के समर्थन में जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र (संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुसार) केवल 'pdf' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓विधि में उत्तीर्णता के समर्थन में डिग्री, केवल 'pdf' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓सीएलएटी (पीजी) 2022 स्कोर कार्ड का प्रमाण, केवल 'pdf' इमेज प्रकारों में, 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓अनुभव का प्रमाण, यदि दावा किया गया हो तो केवल 'पीडीएफ' छवि प्रकार में, जो 1 एमबी तक अधिकतम।
- ✓ यदि दिव्यांगजन वर्ग से संबंधित हैं, तो विकलांगता का प्रमाण केवल 'पीडीएफ' छवि प्रकार में, जो 2 एमबी तक अधिकतम।

घ. 'अगले' बटन पर क्लिक करें।

iii. आवेदन **पूर्वावलोकन** देखा जा सकता है।

iv. 'संपादित करने ' और अंतिम रूम में जमा करने के बटन का विकल्प भी उपलब्ध है।

v. यदि आवेदक दी गई जानकारी से संतुष्ट है, तो ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के लिए "सबमिट" बटन पर क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन पत्र 10.09.2025 (शाम 6:00 बजे) तक जमा किया जा सकता है।

vi. आवेदन पत्र जमा करने के बाद, आवेदक द्वारा "आवेदन पावती" विषय के साथ दर्ज किए गए विवरण के साथ एक "विशिष्ट संदर्भ संख्या" स्वचालित रूप से उत्पन्न हो जाएगी।

vii. स्वचालित रूप से उत्पन्न "आवेदन पावती" आवेदक द्वारा प्रदान की गई ई-मेल आईडी पर भेज दी जाएगी।

viii. आवेदक को अपनी जन्मतिथि / शैक्षिक योग्यता / एससी / एसटी / ओबीसी-एनसीएल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) / ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र / अन्य सहायक दस्तावेजों (जैसे अनुभव प्रमाण पत्र, नियोक्ता से एनओसी, आदि) के संबंध में आवेदक द्वारा की गई प्रविष्टियों के संबंध में सहायक दस्तावेजों के साथ भाराराप्रा को प्रस्तुत करने / जमा करने के लिए "आवेदन पावती" की एक प्रति सुरक्षित रखना आवश्यक है।

**महत्वपूर्ण:**

1) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सही और सक्रिय ई-मेल पते भरें क्योंकि भारारापा द्वारा सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से ही किया जाएगा।

2) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त उल्लिखित पात्रता मानदंडों और अनुभव के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें। कृपया ध्यान दें कि संपूर्ण चयन प्रक्रिया आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों के आधार पर की जाएगी और किसी भी परिस्थिति में आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

नोट: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना, ऑनलाइन भर्ती आवेदन समय से पहले ही जमा कर दें।

3) कृपया ध्यान दें कि आवेदक द्वारा एक से अधिक आवेदन भरे जाने की स्थिति में, भारारापा केवल आवेदक द्वारा भरे गए अंतिम आवेदन पर ही विचार करेगा और उसमें की गई प्रविष्टियों को उक्त पद के लिए भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। तदनुसार, आवेदक द्वारा पहले जमा किए गए आवेदन/आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

4) इस विज्ञापन के अंतर्गत पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5) पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।

6) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदायों/महिलाओं/दिव्यांगजनों से संबंधित उम्मीदवारों का विशेष रूप से स्वागत है और उन्हें बड़ी संख्या में आवेदन करना चाहिए।

7) किसी भी रूप में प्रचार करना या प्रभाव डालना उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगा।

8) किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे और सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिए जाएँगे।

9) इस विज्ञापन में कोई शुद्धिपत्र, परिशिष्ट या निरस्तीकरण, यदि कोई हो, केवल भारारापा की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे भारारापा की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

*******